# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 25 फ़रवरी 2026, अंक –224.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"मुस्कान सबसे बड़ा आभूषण है।"
— मदर टेरेसा



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Wednesday Prayer

तू ही राम है, तू रहीम है,
तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशू मसीह
हर नाम में तू समा रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरी जात पाक कुरान में,
तेरा दरस वेद पुराण में।
गुरु ग्रन्थजी क ◌े बखान में,
तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है.........................................।

अरदास है कहीं कीरतन
कहीं रामधुन कहीं आवहन।
विधि भेद का यह है सब रचन,
तेरा भक्त तुझको बुला रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरा गुण नहीं हम गा सकें,
तुझे कैसे मन में ध्या सके।
है दुआ यहीं तुझे पा सकें,
तेरे दर पे सर ये झुका हुआ।
तू ही राम है.........................................।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।


संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।




## संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

## मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

1: बांग्लादेश की राजधानी क्या है?
उत्तर:ढाका
प्रश्न 2: विश्व की पहली महिला प्रधानमंत्री जो किसी देश की पहली निर्वाचित महिला प्रधानमंत्री बनीं?
उत्तर:श्रीमावो भंडारनायके (1960),श्रीलंका
प्रश्न 3: 'गट्टू' (गुड़ से बनी मिठाई) और 'मक्की की रोटी' किस राज्य के भोजन हैं?
उत्तर:पंजाब
प्रश्न 4: माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं? (1984)
उत्तर:बछेंद्री पाल
प्रश्न 5: 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द बताइए।
उत्तर:नभ, गगन, अंबर
प्रश्न 6: 'दाल बाटी' और 'चूरमा' किस राज्य का प्रसिद्ध व्यंजन है?
उत्तर:राजस्थान
प्रश्न 7: नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले एशियाई व्यक्ति कौन थे? (साहित्य, 1913)
उत्तर:रबींद्रनाथ टैगोर (भारत)
प्रश्न 8: 1 दर्जन में कितने वस्तु होते हैं?
उत्तर:12
प्रश्न 9: बिहार में 'राजेंद्र प्रसाद' की जन्मस्थली कौन सा गाँव है?
उत्तर:जीरादेई (सीवान जिला)
प्रश्न 10: वह कौन सा ग्रह है जिसके चारों ओर एक स्पष्ट वलय (रिंग) है जो दूरबीन से देखी जा सकती है?
उत्तर:शनि (Saturn)

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Hold (होल्ड) – पकड़ना / थामना
Held (हेल्ड) – पकड़ा / थामा
Held (हेल्ड) – पकड़ा गया / थामा गया

Hear (हियर) – सुनना
Heard (हर्ड) – सुना
Heard (हर्ड) – सुना गया

Pay (पे) – भुगतान करना
Paid (पेड) – भुगतान किया
Paid (पेड) – भुगतान किया गया



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

Talking with Friends (मित्रों से बातचीत)

क्या तुम मेरे दोस्त बनोगे? – Will you be my friend?
आओ साथ खेलें। – Let us play together.
तुम बहुत अच्छे हो। – You are very good.
मुझे तुम्हारी मदद चाहिए। – I need your help.



संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 25 फरवरी को भारत में किस महान स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई जाती है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: वीर सावरकर
व्याख्या: 25 फरवरी 1883 को वीर सावरकर का जन्म हुआ था। वे क्रांतिकारी, लेखक एवं राजनीतिक चिंतक थे। उन्होंने 'अभिनव भारत' संगठन की स्थापना की तथा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्हें अंडमान की सेल्युलर जेल में कठोर कारावास की सजा दी गई थी। उनका जीवन राष्ट्रवाद और क्रांतिकारी विचारधारा का प्रतीक माना जाता है।
संदर्भ: आधुनिक भारत का इतिहास; राष्ट्रीय अभिलेखागार स्रोत।

2. हाल ही में (फरवरी 2026) किस भारतीय राज्य ने 'मिशन निर्मल गंगा' के तहत 100 नए घाटों के निर्माण की घोषणा की है? (समसामयिकी)
उत्तर: उत्तर प्रदेश
व्याख्या: फरवरी 2026 के अंतिम सप्ताह में उत्तर प्रदेश सरकार ने 'मिशन निर्मल गंगा' के तहत गंगा नदी के तट पर 100 नए घाटों के निर्माण की घोषणा की। इस परियोजना का उद्देश्य गंगा नदी की सफाई, घाटों का सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन को बढ़ावा देना है। इन घाटों पर आधुनिक सुविधाएँ, जैव-शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह परियोजना केंद्र सरकार की 'नमामि गंगे' योजना के तहत संचालित की जाएगी।
संदर्भ: उत्तर प्रदेश सरकार जल संसाधन विभाग प्रेस विज्ञप्ति, फरवरी 2026।

3. "आनंदमठ" उपन्यास के रचयिता कौन हैं? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय
व्याख्या: "आनंदमठ" बंगाली साहित्य के महान लेखक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित एक प्रसिद्ध उपन्यास है। इसका प्रकाशन 1882 में हुआ था। यह उपन्यास 18वीं शताब्दी के संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसी उपन्यास में 'वंदे मातरम्' गीत है, जो बाद में भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत बना। यह उपन्यास राष्ट्रवादी भावना से ओत-प्रोत है और भारतीय साहित्य की अमर कृति है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 8 हिंदी (वसंत भाग 3)।

4. 'भूमि अपरदन' के लिए उत्तरदायी प्राकृतिक कारक कौन से हैं? (पर्यावरण)
उत्तर: वायु, जल एवं हिमनद
व्याख्या: भूमि अपरदन (मृदा अपरदन) वह प्रक्रिया है जिसमें मिट्टी की ऊपरी उपजाऊ परत एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित हो जाती है। इसके लिए उत्तरदायी प्राकृतिक कारकों में प्रमुख हैं: (1) वायु - तेज हवाएँ शुष्क क्षेत्रों में मिट्टी को उड़ा ले जाती हैं, (2) जल - वर्षा जल एवं नदियों का तेज बहाव मिट्टी को बहा ले जाता है, (3) हिमनद - ग्लेशियर अपने साथ मिट्टी एवं चट्टानों को बहा ले जाते हैं। मानवीय कारकों में वनों की कटाई, अतिचारण एवं अनुचित कृषि पद्धतियाँ शामिल हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 7 भूगोल, अध्याय 3 (हमारी बदलती पृथ्वी)।

5. सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल से 'विशाल स्नानागार' (ग्रेट बाथ) के साक्ष्य मिले हैं? (इतिहास)
उत्तर: मोहनजोदड़ो
व्याख्या: सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे प्रसिद्ध स्थल मोहनजोदड़ो (सिंध, पाकिस्तान) से 'विशाल स्नानागार' (ग्रेट बाथ) के साक्ष्य मिले हैं। यह एक विशाल स्नानागार है, जो लगभग 12 मीटर लंबा, 7 मीटर चौड़ा और 2.4 मीटर गहरा है। यह पकी हुई ईंटों से निर्मित है और इसमें पानी भरने एवं निकासी की उन्नत व्यवस्था थी। यह नगर की जल संरक्षण एवं सार्वजनिक स्वच्छता की उन्नत व्यवस्था का प्रमाण है। विद्वानों का मानना है कि इसका उपयोग धार्मिक अनुष्ठानों में स्नान के लिए किया जाता था।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 3 (प्रारंभिक नगर)।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. 'प्रायद्वीपीय भारत' की सबसे लंबी नदी कौन सी है? (भूगोल)
उत्तर: गोदावरी
व्याख्या: गोदावरी प्रायद्वीपीय भारत (दक्षिण भारत) की सबसे लंबी नदी है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 1,465 किलोमीटर है। इसे 'दक्षिण गंगा' या 'वृद्ध गंगा' भी कहा जाता है। यह महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर पहाड़ियों से निकलती है और महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इसके प्रमुख सहायक नदियों में प्राणहिता, इंद्रावती, मंजीरा एवं सबरी शामिल हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 3 (अपवाह तंत्र)।

7. संविधान के किस अनुच्छेद में 'वित्त आयोग' के गठन का प्रावधान है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 280
व्याख्या: भारतीय संविधान का अनुच्छेद 280 वित्त आयोग के गठन का प्रावधान करता है। राष्ट्रपति हर पाँच वर्ष में या उससे पूर्व आवश्यक समझे जाने पर एक वित्त आयोग का गठन करता है। इस आयोग का कार्य केंद्र एवं राज्यों के बीच करों के वितरण, राज्यों को अनुदान सहायता, पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के संसाधनों में वृद्धि आदि के संबंध में राष्ट्रपति को सिफारिश करना है। अब तक 16 वित्त आयोग गठित किए जा चुके हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 7 (संघवाद)।

8. 'विटामिन सी' की कमी से कौन सा रोग होता है? (विज्ञान)
उत्तर: स्कर्वी
व्याख्या: विटामिन सी (एस्कॉर्बिक एसिड) की कमी से स्कर्वी रोग होता है। इसके प्रमुख लक्षणों में मसूड़ों का सूजन एवं रक्तस्राव, दांतों का गिरना, घावों का देर से भरना, जोड़ों में दर्द, कमजोरी एवं थकान शामिल हैं। विटामिन सी मुख्यतः ताजे फलों (संतरा, नींबू, आंवला) एवं हरी सब्जियों में पाया जाता है। यह शरीर में कोलेजन निर्माण, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने एवं आयरन के अवशोषण में सहायक होता है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 6 विज्ञान, अध्याय 2 (भोजन के घटक)।

9. 'विश्व पर्यटन दिवस' प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: 27 सितंबर
व्याख्या: विश्व पर्यटन दिवस प्रतिवर्ष 27 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिवस विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा 1980 में स्थापित किया गया था। इस दिवस का उद्देश्य पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पर्यटन रोजगार सृजन, आर्थिक विकास एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह दिवस मनाया जाता है।
संदर्भ: विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) आधिकारिक वेबसाइट।

10. बिहार के किस जिले में प्रसिद्ध 'विक्रमशिला सेतु' स्थित है? (बिहार सामान्य ज्ञान)
उत्तर: भागलपुर
व्याख्या: विक्रमशिला सेतु (राजेन्द्र सेतु) बिहार के भागलपुर जिले में गंगा नदी पर स्थित है। यह पुल भागलपुर को खगड़िया जिले से जोड़ता है। इसका निर्माण 2001 में किया गया था और यह भारत का दूसरा सबसे लंबा रेल-सह-सड़क पुल है। इसकी लंबाई लगभग 4.7 किलोमीटर है। इस पुल के निकट ही प्रसिद्ध विक्रमशिला विश्वविद्यालय के अवशेष स्थित हैं। यह पुल उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार के बीच संपर्क का महत्वपूर्ण साधन है।
संदर्भ: बिहार सरकार लोक निर्माण विभाग; भागलपुर जिला गजेटियर।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में "वायु प्रदूषण एवं पेड़-पौधों के संरक्षण" हेतु विद्यालय स्तर पर क्या पहल की जा सकती है? (विद्यालय सुरक्षा फरवरी W4)
उत्तर: वायु प्रदूषण रोकथाम एवं पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए विद्यालय स्तर पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण, पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाना, परिसर में पॉलीथिन/प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित करना, कचरा न जलाने का संकल्प दिलाना, और प्रकृति क्लब का गठन कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित करना प्रमुख उपाय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, वायु प्रदूषण से बच्चों में अस्थमा, एलर्जी और श्वसन संबंधी बीमारियाँ बढ़ रही हैं। पेड़-पौधे कार्बन सिंक का कार्य कर वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करते हैं। बिहार में वन क्षेत्र राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का मात्र 15% है, जो राष्ट्रीय औसत 33% से काफी कम है। विद्यालय स्तर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान, हरित पट्ट (ग्रीन बेल्ट) विकास, और प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा

12. यदि किसी वस्तु का अंकित मूल्य 1000 रु. है और उस पर 10% की छूट दी जाती है, तो विक्रय मूल्य क्या होगा? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 900 रु.
व्याख्या: छूट = 10% of 1000
= 100 रु.,  विक्रय मूल्य = 1000 − 100 = 900 रु.
यह लाभ-हानि एवं छूट पर आधारित प्रश्न है। ऐसे प्रश्नों में पहले छूट राशि निकालकर उसे अंकित मूल्य से घटाया जाता है।
संदर्भ: प्रतियोगी अंकगणित (लाभ-हानि अध्याय)।

**GK संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**Govt. PS बोदसर**
**बगहा-2, प. चम्पारण |**



**अनुभाग-4**

# -: शब्द - संगम :-

**Fusion (फ्यूज़न) = Combination (कॉम्बिनेशन) = मिलन / जुड़ना**
**Antonym — Separation (सेपरेशन) = अलगाव**
**Bleeding (ब्लीडिंग) = Hemorrhage (हेमरेज) = रक्तस्राव**
**Antonym — Clotting (क्लॉटिंग) = थक्का बनना**
**Absorb (एब्ज़ॉर्ब) = Soak (सोक) = सोख लेना**
**Antonym — Release (रिलीज़) = छोड़ना**
**Protect (प्रोटेक्ट) = Guard (गार्ड) = रक्षा करना**
**Antonym — Attack (अटैक) = हमला करना**
**Fragile (फ्रैजाइल) = Delicate (डेलिकेट) = नाज़ुक**
**Antonym — Strong (स्ट्रॉन्ग) = मजबूत**



**~: संकलन :~**
**राकेश कुमार राव**
**प्रधानाध्यापक**
**PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय**
**वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण |**

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

Union Cabinet approves renaming Kerala to 'Keralam'; move follows Kerala Assembly's 2024 resolution ahead of upcoming state elections.
संघ कैबिनेट ने केरल का नाम 'केरलम' करने को मंजूरी दी; 2024 में केरल विधानसभा के प्रस्ताव के बाद, आगामी राज्य चुनाव से पहले।

Rahul Gandhi challenges PM Modi to scrap India-US interim trade deal, calls it 'anti-farmer' at Bhopal Kisan Mahachaupal rally.
राहुल गांधी ने पीएम मोदी को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को रद्द करने की चुनौती दी, भोपाल किसान महाचौपाल रैली में 'किसान विरोधी' बताया।

PM Modi pays tribute to former Tamil Nadu CM Jayalalithaa on her birth anniversary, praises her leadership and welfare initiatives.
पीएम मोदी ने पूर्व तमिलनाडु सीएम जयललिता को जन्मदिन पर श्रद्धांजलि दी, उनकी नेतृत्व क्षमता और कल्याण योजनाओं की सराहना की।

## INTERNATIONAL NEWS

Russia-Ukraine war marks four years: European leaders including Macron vow to 'stand firm' with Kyiv; Macron calls Putin's invasion 'triple failure' for Russia.
रूस-यूक्रेन युद्ध चार साल पूरे: यूरोपीय नेता मैक्रों सहित कीव के साथ 'दृढ़' रहने का संकल्प; मैक्रों ने पुतिन के आक्रमण को रूस के लिए 'ट्रिपल फेलियर' बताया।

Trump to deliver State of the Union address amid domestic headwinds, Iran tensions, and tariff chaos after Supreme Court ruling.
ट्रंप स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन देंगे, घरेलू चुनौतियों, ईरान तनाव और सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले के बाद अराजकता के बीच।

US accuses China of 'massive' nuclear arsenal expansion; ongoing global security concerns rise.
अमेरिका ने चीन पर परमाणु हथियारों के 'भारी' विस्तार का आरोप लगाया; वैश्विक सुरक्षा चिंताएं बढ़ीं।

## BIHAR NEWS

**Bihar Assembly passes four key bills including Bihar Civil Court Bill 2026; Nitish Kumar loses cool over opposition's 'guns and bullets' jibe during session.**
**बिहार विधानसभा ने चार महत्वपूर्ण बिल पारित किए जिसमें बिहार सिविल कोर्ट बिल 2026 शामिल; नीतीश कुमार विपक्ष के 'बंदूक और गोली' तंज पर भड़के।**

**Patna High Court expresses concerns over Bihar's mental health facilities; calls for improvements in infrastructure and care.**
**पटना हाई कोर्ट ने बिहार की मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर चिंता जताई; इंफ्रास्ट्रक्चर और देखभाल में सुधार की मांग।**

## SPORTS NEWS

**T20 World Cup 2026 Super 8: England vs Pakistan underway in Pallekele; Pakistan opt to bat first, early wickets fall (Saim Ayub, Salman Ali Agha out).**
**टी20 विश्व कप 2026 सुपर 8: पल्लेकेले में इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान मैच जारी; पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी चुनी, शुरुआती विकेट गिरे (सैम अयूब, सलमान अली आगा आउट)।**

**ICC Men's T20 World Cup 2026: Tickets for semi-finals and final go on sale at 7 PM IST today; England strengthens semi-final push after Super 8 clashes.**
**आईसीसी मेन्स टी20 विश्व कप 2026: सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट आज शाम 7 बजे IST से बिक्री पर; इंग्लैंड सुपर 8 मैचों के बाद सेमीफाइनल की दावेदारी मजबूत कर रहा।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

✍️**संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक प्रसंग

# “छोटी आदत, बड़ा परिवर्तन”

विद्यालय में वार्षिक परीक्षा निकट थी। कक्षा के अधिकांश विद्यार्थी तनाव में थे। कुछ बच्चे समय पर पढ़ाई करते थे, तो कुछ आख़िरी दिनों में सब याद करने की कोशिश करते थे।

उसी कक्षा में आदित्य नाम का एक छात्र था। वह कोई असाधारण प्रतिभाशाली नहीं था, पर उसकी एक आदत थी—नियमितता। वह रोज़ थोड़ा-थोड़ा पढ़ता, समय पर स्कूल आता और गृहकार्य पूरा करता। उसके मित्र अक्सर कहते,

“इतनी मेहनत क्यों करता है? अभी तो बहुत समय है।”

लेकिन आदित्य मुस्कुराकर कहता,

“छोटी-छोटी आदतें ही बड़ा परिणाम देती हैं।”

परीक्षा का समय आया। जिन छात्रों ने टालमटोल की थी, वे घबराए हुए थे। आदित्य शांत था। उसने बिना तनाव के प्रश्नपत्र हल किया।

परिणाम आया तो आदित्य प्रथम नहीं था, पर उसके अंक अच्छे थे और वह आत्मविश्वास से भरा हुआ था। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह थी कि वह तनावमुक्त था।

उसके शिक्षक ने कक्षा में बच्चों से कहा,

“सफलता अचानक नहीं मिलती। वह रोज़ के छोटे प्रयासों से बनती है। अनुशासन ही असली प्रतिभा है।”

उस दिन कई छात्रों ने निश्चय किया कि वे भी नियमितता और जिम्मेदारी अपनाएँगे।

सीख :

बड़ी सफलता किसी एक दिन की मेहनत से नहीं,
बल्कि रोज़ निभाई गई छोटी जिम्मेदारियों से मिलती है।
छोटी अच्छी आदतें ही जीवन में बड़ा परिवर्तन लाती हैं। 🌱



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "विद्यालय शिक्षा समिति सक्रिय और जीवंत कैसे हो?"

25.05.2026 सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों को सामाजिक एवं विभागीय मानको के अनुरूप बनाने में विद्यालय शिक्षा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय शिक्षा समिति विद्यालय प्रबंधन एवं समाज के बीच की एक कड़ी है। लेकिन आज अधिकांश विद्यालयों में शिक्षकों एवं विधालय शिक्षा समिति के बीच का रिश्ता सौहार्दपूर्ण नहीं दिखता है। शिक्षकों का मानना रहता है कि समिति के सदस्यों की नजर विद्यालय विकास पर नहीं होकर केवल विद्यालय में आने वाली राशि पर रहती है। वहीं समिति के सदस्यों को यह लगता है कि प्रधानाध्यापक उनसे विद्यालय से संबंधित बहुत बातें बताना नहीं चाहते हैं। इससे विद्यालय की प्रगति प्रभावित होती है।विद्यालय के समुचित विकास हेतु विद्यालय शिक्षा समिति को सक्रिय एवं जीवंत होना आवश्यक है। इसके लिए विद्यालय स्तर पर हमारे द्वारा निम्न प्रयास किए जा सकते हैं:

विद्यालय शिक्षा समिति की नियमित एवं योजनाबद्ध बैठक हर माह एक निश्चित तिथि को आयोजित की जानी चाहिए। बैठक में चर्चा के बिन्दु पहले से तय हो तथा सदस्यों को प्रधानाध्यापक द्वारा लिखित रूप में सूचित किया जाना चाहिए।उपस्थिति, नामांकन, परिणाम, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, आय-व्यय आदि चर्चा में शामिल होना चाहिए। बैठक की कार्यवाही पंजी में दर्ज कर सभी सदस्यों के हस्ताक्षर भी लिया जाना चाहिए। समिति के सदस्यों की भूमिकाएं स्पष्ट होनी चाहिए। अध्यक्ष, सचिव, अभिभावक प्रतिनिधि आदि को पता हो कि उन्हें क्या करना है। समिति द्वारा हर सदस्य को कुछ न कुछ कार्य सौंपा जाना चाहिए। समिति द्वारा विद्यालय विकास की वार्षिक योजना तैयार कर उसको लागू करने का प्रयास किया जाना चाहिए। योजना में भवन मरम्मत, पुस्तकालय, खेल सामग्री, स्मार्ट क्लास, बागवानी आदि की प्राथमिकता होनी चाहिए। विद्यालय विकास योजना से आवश्यकतानुसार विभिन्न विभागों को अवगत कराते हुए विद्यालय के लिए सुविधाएं जुटाने का काम करना चाहिए। अन्य अभिभावकों की सहभागिता हेतु प्रत्येक बैठक में कुछ अभिभावकों को भी आमंत्रित कर उनके सुझाव लेने चाहिए।समिति के समक्ष पारदर्शिता और जवाबदेही प्रदर्शित करने हेतु प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के आय-व्यय की जानकारी को नोटिस बोर्ड या बाहरी दिवाल पर लगाना चाहिए जो मध्यान्ह भोजन योजना, कम्पोजिट ग्रांट, जीओबी मद के व्यय से संबंधित हो सकता है। पोशाक, छात्रवृत्ति आदि की सूची को भी लगाना चाहिए।

समिति की देखरेख में नामांकन अभियान, स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा जागरूकता रैली,वृक्षारोपण कार्यक्रम, साक्षरता अभियान, टीकाकरण अभियान को चला कर समिति को विद्यालय के प्रति जवाबदेह बनाना चाहिए। साथ बाल संसद, मीना मंच, इको क्लब आदि के प्रतिनिधि को समिति में शामिल करते हुए निर्णय प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक में नियमित आने वाले सदस्य तथा सक्रिय एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले सदस्य को प्रधानाध्यापक द्वारा वार्षिकोत्सव के अवसर पर पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करना चाहिए। विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का एक व्हाट्सएप समूह बनाकर प्रधानाध्यापक द्वारा उस पर विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का फोटो/रिपोर्ट साझा करना चाहिए इससे विद्यालय शिक्षा समिति एक कागजी समिति न रहकर विद्यालय विकास हेतु एक तत्पर समिति के रूप में प्रस्तुत होगी और विद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार में विद्यालय परिवार को सहयोग करेगी। तो आईए हम अपने विद्यालय के शिक्षा समिति को सक्रिय और जीवंत बनाएं।

.................

**मनोज कुमार झा**
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# "परीक्षा पर चर्चा "

## "एक अध्याय समाप्त, एक नई उड़ान आरंभ (समापन अंक)"

प्रिय विद्यार्थियों, 25.02.2026

आज जब मैट्रिक परीक्षा 2026 का अंतिम पृष्ठ भी पलट चुका है, तब केवल प्रश्नपत्र समाप्त नहीं हुए हैं – आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण, भावुक और परिपक्वता से भरा अध्याय पूरा हुआ है। इन दिनों की हर सुबह, हर दोहराई गई पंक्ति, हर हल किया गया प्रश्न, हर परीक्षा कक्ष की धड़कन और हर रात की छोटी-सी जीत ने आपके व्यक्तित्व में एक नई गहराई और नई ताकत जोड़ दी है। आपने केवल उत्तर नहीं लिखे, बल्कि अपने आत्मविश्वास की, अपने धैर्य की और अपनी हिम्मत की एक पूरी कहानी रच दी है।

शुरुआती दिन याद हैं?

जब पहली सुबह आपने अपना एडमिट कार्ड हाथ में लिया, बैग में पेन रखा और केंद्र की ओर चल पड़े थे – मन में हल्का-सा भय, जिज्ञासा और अनिश्चितता थी। नया वातावरण, नए निरीक्षक, नई व्यवस्था – सब कुछ अनजाना लग रहा था। लेकिन जैसे-जैसे दिन बीतते गए, वही अनजाना वातावरण आपका अपना बन गया। आपने स्वयं को संभाला। समय को साधा। हर पेपर में अपनी पूरी क्षमता के साथ उतरे। यही साहस आपकी असली जीत है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने "परीक्षा पर चर्चा" के मंच से बार-बार यही संदेश दिया था:
"परीक्षा जीवन का अंतिम सत्य नहीं है। यह तो बस एक पड़ाव है। असली सफलता उस मेहनत में है, उस संयम में है और उस आत्मविश्वास में है जो तुमने इस दौरान दिखाया।"

आज, इस समापन क्षण पर, उनके शब्द और भी अधिक सार्थक लगते हैं। आपने अपने प्रयासों से स्वयं को सिद्ध किया है। अंक आएँगे या नहीं – यह अलग बात है – लेकिन आपने जो अनुभव, जो ताकत और जो आत्मविश्वास कमाया है, वह जीवनभर आपके साथ रहेगा।

अब परिणाम की प्रतीक्षा का समय आएगा। मन में अनेक विचार उठेंगे – क्या अच्छा हुआ, क्या बेहतर हो सकता था? लेकिन याद रखिए: परिणाम आपकी मेहनत का प्रतिबिंब हो सकता है, पर आपकी पूरी क्षमता का नहीं। जीवन की राह में इससे भी बड़े अवसर, बड़ी चुनौतियाँ और बड़ी उड़ानें आपका इंतज़ार कर रही हैं। यह परीक्षा आपको उन ऊँचाइयों के लिए तैयार कर चुकी है।

अपने परिवार के प्रति कृतज्ञ रहिए – जिन्होंने आपके हर तनाव को समझा, हर चिंता को सहा और हर मुस्कान को संजोया।

अपने शिक्षकों को धन्यवाद दीजिए – जिन्होंने ज्ञान दिया, मार्ग दिखाया और सबसे बढ़कर आपको विश्वास दिलाया कि आप कर सकते हो।

और सबसे बढ़कर स्वयं को धन्यवाद दीजिए – क्योंकि आपने हार नहीं मानी। आपने डर को पीछे छोड़ा और विश्वास को आगे रखा।

प्रिय #ExamWarriors,
यह "परीक्षा पर चर्चा" श्रृंखला आज विराम ले रही है। पर आपकी यात्रा अभी प्रारंभ हुई है। सपनों को बड़ा रखिए। हौसलों को मजबूत रखिए। और स्वयं पर विश्वास कभी कम मत होने दीजिए। आपके उज्ज्वल भविष्य, श्रेष्ठ परिणाम और अनंत संभावनाओं के लिए हृदय से शुभकामनाएँ।
ईश्वर आपको सफलता, संतुलन, स्वास्थ्य और सदैव मुस्कान प्रदान करे।
इस सफ़र को अब यहीं एक ठहराव देते हैं, पर..., अलविदा नहीं – बस एक नई सुबह की शुरुआत।
हमेशा आपके साथ। जय हिंद! जय बिहार!




................✍

रवीन्द्र कुमार
ज़िला शिक्षा पदाधिकारी
प. चम्पारण, बेतिया।



Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




संपादक:-

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org